फाउन्डर्स डे,

सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में दिनांक 31 जनवरी को सन्त मोन्टफोर्ट के जन्म दिवस को 'फाउन्डर्स डे' के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन, ब्रदर जॉन मिन्ज, सिस्टर एनलिट, सिस्टर निकिता, ज्योति मैडम तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे। इस अवसर पर कक्षा 6 से 8 तक के छात्र – छात्राओं के द्वारा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों में प्रार्थना –नृत्य की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन – मोह लिया। इस नृत्य में संत मोंटफोर्ट जी के द्वारा किए गए सेवा कार्यो का प्रदर्शन किया गया। इस नृत्य के पश्चात् एक लघु नाटिका के द्वारा उस महान संत के द्वारा दिखाई गई राह पर चलने वाले कई महान लोगों के कार्यों का उल्लेख किया गया, जिसमें श्री कैलाश सत्यार्थी जी के द्वारा 'बाल मजदूरी' एवं बचपन बचाओं अभियान के तहत नोबल पुरस्कार 'दिया गया था।

उनके एक प्रयास का प्रदर्शन इस लघु नाटिका में किया गया । सर्वधर्म प्रार्थना के अन्तर्गत् 'सभी धर्म एक है '' इस भावना के तहत मिले सुर मेरा तुम्हारा' के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में समस्त छात्र – छात्राएँ शिक्षक शिक्षिकाएँ, भैया – दीदी तथा सभी बसों के ड्राइवर एवं कंडक्टर उपस्थित थे। सभी उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं तालियों के साथ छात्र – छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

अंत में विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. ने कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं सन्त मोन्टफोर्ट के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी छात्र–छात्राएँ शांतिपूर्ण तरीके से बैठकर कार्यक्रम देख रहे थे। माहौल भक्तिमय हो गया था। सभी उपस्थित जनसमूह महान संत से प्रेरित एवं उत्साहित दिखाई दे रहा था।